सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-216
29/04/2018

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति स्व0 धर्मपाल सिन्हा के श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुये मुख्यमंत्री

पटना 29 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज तारामण्डल पृक्षा गृह में आयोजित सेवानिवृत न्यायमूर्ति स्व0 धर्मपाल सिन्हा के श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुये। श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत न्यायमूर्ति स्व0 धर्मपाल सिन्हा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई के धर्म–गुरुओं द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी ने श्रद्धांजलि संदेश पढ़ा और सेवानिवृत न्यायमूर्ति स्व0 धर्मपाल सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित मौजूद गणमान्य व्यक्तियों तथा उनके परिजनों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री हारुण रशीद, विधान पार्षद श्री रामवचन राय, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गाँधी जी, महाधिवक्ता श्री ललित किशोर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, स्व0 धर्मपाल सिन्हा के परिजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******